# हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

(छत्तीसगढ़ शासन के अधिनियम क्र. 16/2015 द्वारा स्थापित)

Email.-exam@durguniversity.ac.in Website :- www.durguniversity.ac.in Phone No. 0788-2359100

क्र. 430 /पी–एच.डी. कोर्सवर्क/पुनःपरीक्षा/2025 दुर्ग, दिनांक 11.11.2025

## //अधिसूचना//

विश्वविद्यालयीन अध्यादेश कमांक-45 के प्रावधानानुसार विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित पी-एच.डी. कोर्सवर्क परीक्षा 2024–25 की परीक्षा में अनुत्तीर्ण हुए परीक्षार्थियों की पुनः परीक्षा का आयोजन किया जाना है, इस हेतु विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.durguniversity.ac.in के माध्यम से पी-एच.डी. कोर्सवर्क की पुनः परीक्षा हेतु परीक्षा आवेदन फार्म आमंत्रित किए जाते है, जिसकी तिथि निम्नानुसार अधिसूचित की जाती है: -

| क्र. | विवरण | निर्धारित तिथि |
|---|---|---|
| 1 | परीक्षा आवेदन ऑनलाईन माध्यम से शुल्क सहित जमा करने की तिथि | 12.11.2025 से 20.11.2025 तक |
| 2 | परीक्षा आवेदन समस्त आवश्यक दस्तावेजों सहित संबंधित शोध केन्द्रों से अग्रेषित करवाकर पी-एच.डी. सेल, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.) में जमा करने की अंतिम तिथि | 21.11.2025 तक |

परीक्षार्थियों को परीक्षा आवेदन की हार्डकॉपी निर्देशक, शोध केन्द्र से अग्रेषित कराकर ही विश्वविद्यालय के पी-एच.डी. सेल में दिनांक 21.11.2025 तक अनिवार्य रूप से जमा करना होगा। संबंधित शोध केन्द्रों से अग्रेषित कराए आवेदन ही विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकार किए जायेंगे।

1. **परीक्षा शुल्क :-**
   - परीक्षार्थी, परीक्षा आवेदन शुल्क के रूप में राशि रू. 300/– (शब्दों में–तीन सौ रूपये मात्र) का भुगतान ऑनलाईन माध्यम से करेंगे।
2. **परीक्षार्थियों के लिए निर्देशः-**
   - परीक्षार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.durguniversity.ac.in के माध्यम से परीक्षा फार्म भरेंगे।
   - यदि परीक्षार्थी अपना आई.डी. अथवा पासवर्ड भूल गये हैं तो वे Forget Password के माध्यम से इसे पुनः प्राप्त कर सकते हैं।
   - परीक्षार्थियों को पी.एचडी. कोर्स वर्क के लिए शोध केन्द्र का नाम एवं शोध केन्द्र में प्रवेश की तिथि, पंजीकृत शोध छात्र हैं तो पंजीयन की तिथि का उल्लेख करना अनिवार्य होगा।
   - पीएच.डी. कोर्सवर्क के परीक्षार्थियों को अपने शोध निर्देशक एवं शोध केन्द्र प्रमुख से आवेदन अग्रेषित कराना अनिवार्य है।

- परीक्षार्थी की आई.डी. पर ऑनलाईन किए गये परीक्षा आवेदन की एक प्रति Save रहेगी जिसे वे आवश्यकता पड़ने पर कभी भी प्रिंट निकाल सकेंगे।
- परीक्षार्थी परीक्षा आवेदन की एक प्रति अपने पास सुरक्षित रखेंगे।
- यदि ऑनलाईन परीक्षा फार्म भरते समय किसी प्रकार की समस्या आती है तो परीक्षार्थी विश्वविद्यालय के हेल्पलाईन नं. **08062526431**: 0 is Mandatory to make a Call पर फोन के माध्यम से अथवा onlinehelp@durguniversity.in पर ई-मेल कर समाधान प्राप्त कर सकते हैं।
- पी-एच.डी. कोर्सवर्क परीक्षा 2024–25 में अनुत्तीर्ण हुए परीक्षार्थी ही इस परीक्षा हेतु आवेदन करने के लिए पात्र होंगे।

3. **उक्त परीक्षा निम्नलिखित विषयों हेतु आयोजित की जावेगी-**
    1. हिन्दी
    2. शिक्षा
    3. समाजशास्त्र
    4. भूगोल
    5. भौतिकशास्त्र
    6. मनोविज्ञान
    7. प्राणीशास्त्र

कुलसचिव
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय
दुर्ग, दिनांक 11-11-2025

पृ.क्र. 431 / पी–एच.डी. कोर्सवर्क / पुनःपरीक्षा / 2025

प्रतिलिपिः-

1. माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदया के प्रमुख सचिव, छत्तीसगढ़।
2. सचिव, उच्च शिक्षा, छत्तीसगढ़ शासन, महानदी भवन, मंत्रालय, नया रायपुर।
3. आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, ब्लॉक-सी-30, द्वितीय/तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर।
4. अधिष्ठाता छात्र कल्याण/वित्त अधिकारी/उ.कु.स. परीक्षा/अकादमिक/गोपनीय एवं पी-एचडी. शाखा, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग।
5. प्राचार्य, संबंधित समस्त शोधकेन्द्र हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग।
6. कुलपति के सचिव/ कुलसचिव के निज सहायक, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग।
7. संपादक, समस्त दैनिक समाचार पत्र/पत्रिकाएं को इस निवेदन के साथ कि कृपया अपने लोकप्रिय समाचार पत्रों के आगामी अंक में छात्रहित को ध्यान में रखते हुए समाचार के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।

उपकुलसचिव
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय